कुल प्रश्नों की संख्या : 27]
Total No. of Questions : 27]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
[ Total No. of Printed Pages : 16

# 2321318

# विषय : अर्थशास्त्र
# Subject : Economics

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours ]

[पूर्णांक : 100
[ Maximum Marks : 100

***निर्देश :-***

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए, (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए, (स) सत्य/असत्य लिखिए और (द) सही सम्बन्ध जोड़िए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

प्रश्न

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प दिए ग हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प दिए गा हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

***Instructions :-***

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No. 1 is multiple choice question, fill in the blanks, true or false and match the following. Which carry 1 mark each.

(iii) Question No. 2 to 13 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks.

(iv) Question No. 14 to 19 are short answer type questions. Each question carries 3 marks.

(v) Question No. 20 to 23 are short answer type questions. Every question has an internal option. Each question carries 4 marks.

(vi) Question No. 24 and 25 are long answer type questions and every question has an internal option and carries 5 marks each.

(vii) Question No. 26 and 27 are long answer type questions and every question has an internal option and carries 6 marks each.

## ( खण्ड - अ )

## (Part - A)

**प्रश्न 1 ( अ ) सही उत्तर चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

**[A] Choose the right answer -**

(i) आर्थिक सम्वृद्धि का सम्बन्ध किस अर्थव्यवस्था से है ?

(अ) अल्पविकसित

(ब) विकसित

(स) अविकसित

(द) पिछड़ी

(i) Economic growth is related to which Economics ?

(a) under developed

(b) developed

(c) undeveloped

(d) backward

प्रश्न

(ii) निम्न में से भारत में निर्धनता रेखा मापने की विधि कौन-सी है ?

(अ) निवेश पूँजी

(ब) पूँजी विधि

(स) मानव विधि

(द) आय विधि

(ii) Which of the following is the method of measuring the poverty line i India ?

(a) investment capital

(b) capital method

(c) human law

(d) income method

(iii) सांख्यिकी के जन्मदाता हैं -

(अ) मार्शल

(ब) बाउले

(स) गॉटफ्रीड अचेनवाल

(द) डार्विन

(iii) The father of Statistics is -

(a) Marshal

(b) Boule

(c) Gottfried Achenwall

(d) Darwin

(iv) सामान्यत: उपभोग में वृद्धि होने पर सीमान्त उपयोगिता –

(अ) बढ़ती है।

(ब) घटती है।

(स) अपरिवर्तित रहती है।

(द) इनमें से कोई नहीं।

(iv) In general with an increase in Consumption Marginal Utility -

(a) increases

(b) decreases

(c) remains unchanged

(d) none of these.

प्रश्न

(v) पूर्ति का नियम किसके मध्य सम्बन्ध स्थापित करता है ?

(अ) लागत एवं पूर्ति की मात्रा

(ब) लाभ एवं पूर्ति की मात्रा

(स) मूल्य एवं पूर्ति की मात्रा

(द) समय एवं पूर्ति की मात्रा

(v) The law of Supply establishes the relationship between -

(a) cost and quantity supplied

(b) profit and quantity supplied

(c) price and quantity supplied

(d) time and quantity supplied.

**( खण्ड - ब )**

**( Part - B )**

**( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** [1×5=5

**[B] Fill in the blanks -**

( i ) कुल आगम का कुल लागत पर अतिरिक्त ---------- कहलाता है।

(i) Excess of total Revenue over total Cost is called ....................

( ii ) बाजार का नियम ---------- ने दिया।

(ii) Market law given by ....................

(iii) किसी देश में सरकार द्वारा प्रचलित मुद्रा ही ---------- मुद्रा है।

(iii) The currency used by the government in a Country is the .................... Currency.

(iv) भुगतान की गई लागत ---------- लागत होती है।

(iv) The cost paid is the .................... Cost.

(v) अदृश्य बेरोजगारी ---------- क्षेत्र में पायी जाती है।

(v) Invisible unemployment is found in the .................... sector.

## ( खण्ड - स )

**( स ) सत्य / असत्य लिखिए -** [1×5=5]

(i) वस्तु विभेद एकाधिकृत प्रतियोगिता बाजार की विशेषता है।

(ii) माँग एवं पूर्ति में परिवर्तन का प्रभाव सन्तुलन मूल्य पर पड़ता है।

(iii) लॉटरी से आय राष्ट्रीय आय का हिस्सा है।

(iv) द्वितीयक आँकड़े अन्वेषक द्वारा स्वयं एकत्र किए जाते हैं।

(v) आर्थिक विकास के साथ श्रमशक्ति में उद्योग से कृषि में स्थानान्तरित होने की प्रवृत्ति होती है।

प्रश्न

## (Part - C)

**[C] Write True / False -**

(i) Commodity differentiation is a characteristic of Monopoli Competition Market.

(ii) Changes in demand and supply have an effect on equilibrium price.

(iii) Income from lottery is part of National Income.

(iv) Secondary data collected by the investigator himself.

(v) With economic development the labor force tends to shift from indus to agriculture.

## ( खण्ड - द )

**( द ) सही जोड़ी मिलाइए -**

[ 1×5=

| खण्ड ( अ ) | खण्ड ( ब ) |
|---|---|
| (i) शहरी बेरोजगारी के रूप | (अ) 15 मार्च 1950 |
| (ii) आँकड़ों का निर्वचन | (ब) वस्तुओं का अपूर्ण स्थानापन्न होना |
| (iii) योजना आयोग की स्थापना | (स) एक दूसरे के पूरक |
| (iv) व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र | (द) शिक्षित बेरोजगारी |
| (v) उपयोगिता ह्रास नियम के कारण | (इ) निष्कर्षों तक पहुँचना |

## (Part - D)

**(D) Match the followings -**

| | Section (A) | | Section (B) |
|---|---|---|---|
| (i) | As urban unemployment | (a) | 15th March 1950 |
| (ii) | Interpretation of data | (b) | Incomplete replacement of goods |
| (iii) | Establishment of Planning Commission | (c) | Feather flock |
| (iv) | Micro and Macro Economics | (d) | Educated unemployment |
| (v) | Cause of utility depreciation law | (e) | Reach Conclusions |

**प्रश्न-2** प्रत्यक्ष कर से क्या आशय है ? [2]

What is meant by Direct Tax ?

**प्रश्न-3** प्राथमिक क्षेत्र क्या है ? [2]

What is Primary Sector ?

**प्रश्न-4** सन्तुलन कीमत की परिभाषा दीजिए। [2]

Define Equilibrium Price.

**प्रश्न-5** सीमान्त लागत किसे कहते हैं ? [2]

What is Marginal Cost ?

**प्रश्न-6** पूर्ति वक्र का ढलान धनात्मक क्यों होता है ? बताइए। [2]

Explain, why the slope of the Supply Curve is Positive ?

**प्रश्न-7** पूर्ति की कीमत लोच का सूत्र बताइए। [2]

Give the formula for Price Elasticity of Supply.

**प्रश्न-8** सीमान्त उपयोगिता के तीन रूप बताइए। [2]

Give three forms of Marginal utility.

**प्रश्न-9** व्यक्तिगत माँग और बाजार माँग में भेद कीजिए। [2]

Differentiate between Individual Demand and Market Demand.

**प्रश्न-10** उत्पादन सम्भावना वक्र मूल बिन्दु के प्रति नतोदर क्यों होता है ? [2]

Why is the Production Possibility Curve Concave to the origin ?

**प्रश्न-11** व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या आशय है ? [2]

What is meant by Micro Economics ?

**प्रश्न-12** 'SAIL' का पूरा नाम लिखिए। [2]

Write the full name of 'SAIL'.

**प्रश्न-13** हस्तान्तरण भुगतान क्या होता है ? [2]

What is Transfer Payment ?

**प्रश्न-14** आर्थिक विकास एक सतत् प्रक्रिया है। समझाइए। [3]

Economic development is a continuous process. Explain.

**प्रश्न-15** समष्टि अर्थशास्त्र के तीन महत्त्व लिखिए। [3]

Write three importances of Macro Economics.

**प्रश्न-16** पैमाने के प्रतिफल के कारण समझाइए। [3]

Explain the reasons for returns to scale.

**प्रश्न-17** पूर्ण प्रतियोगिता तथा एकाधिकार में कोई तीन भेद कीजिए। [3]

Differentiate between Perfect Competition and Monopoly. (any three)

**प्रश्न-18** यदि आपकी आय 1,000 से बढ़कर 1,500 हो जाती है तथा उपभोग 200 से बढ़कर 250 हो जाती है, तो सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) की गणना कीजिए। [3]

If your income increases from 1,000 to 1,500 and consumption increases from 200 to 250, then calculate the Marginal Propencity to Consume (MPC).

**प्रश्न-19** योजना व्यय एवं गैर योजना व्यय में अन्तर लिखिएं। [3]

Write the difference between plan expenditure and non plan expenditure.

**प्रश्न-20** उन दशाओं का वर्णन कीजिए, जहाँ माँग का नियम लागू नहीं होता है। [4]

Describe the causes where the Law of Demand does not apply.

***( अथवा/OR )***

किसी वस्तु की व्यक्तिगत माँग को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

Explain the factors affecting individual demand for a Commodity.

प्रश्न-21 नीचे दिए गए आँकड़ों से सकल राष्ट्रीय प्रायोज्य आय ज्ञात कीजिए – [4]

| मदें | करोड़ रुपए |
|---|---|
| $NNP_{FC}$ | 3,000 |
| सरकार से निवल चालू हस्तान्तरण | 20 |
| शेष विश्व से निवल चालू हस्तान्तरण | 25 |
| विशुद्ध प्रत्यक्ष कर | 50 |
| मूल्य ह्रास | 40 |

Find the Gross National Disposable Income from the data given below -

| Item | Crore Rs. |
|---|---|
| $NNP_{FC}$ | 3,000 |
| Net Current transfer from Govt. | 20 |
| Net Current transfer from rest of the world | 25 |
| Net Direct Tax | 50 |
| Depreciation | 40 |

***( अथवा/OR )***

राष्ट्रीय आय गणना की विधियाँ लिखिए।

Write the methods of calculation of National Income.

**प्रश्न-22** उपभोग की प्रवृत्ति तथा बचत की प्रवृत्ति में सम्बन्ध बताइए। [4]

State the relationship between Propensity to Consume and Propensity to Save.

*( अथवा )*

*( OR )*

MPC = 0.8 दिया है। निवेश में 100 करोड़ की वृद्धि होती है। दूसरे चक्र में उपभोग में वृद्धि ज्ञात कीजिए। दो चक्रों के पश्चात् आय में कुल वृद्धि क्या होगी ?

Given that MPC = 0.8 and investment increases by 100 crores. Find the increase in consumption in the Second round. What will be the total increase in income after 2 rounds.

**प्रश्न-23** वस्तु विनिमय प्रणाली की कोई चार कठिनाइयाँ लिखिए। [4]

Write any four difficulties of Barter System.

*( अथवा )*

*( OR )*

मुद्रा पूर्ति के विभिन्न मापकों की व्याख्या कीजिए।

Explain the different measures of Money Supply.

**प्रश्न-24** सूचकांक के किन्हीं पाँच लाभों का वर्णन कीजिए। [5]

Describe any five advantages of Index.

*( अथवा )*

*( OR )*

प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों में अन्तर बताइए।

Differentiate between Primary and Secondary data.

**प्रश्न-25** निम्न आँकड़ों से साप्ताहिक व्यय की माध्यिका की गणना कीजिए। [5]

Calculate the median of weekly expenditure from the following data :

| साप्ताहिक व्यय रु. में (Weekly Expenditure in Rs.) | परिवारों की संख्या (Number of families) |
|---|---|
| 0-10 | 14 |
| 10-20 | 23 |
| 20-30 | 27 |
| 30-40 | 21 |
| 40-50 | 15 |

*( अथवा )*

*( OR )*

नीचे एक कारखाने के 20 कामगारों की साप्ताहिक मजदूरी के आँकड़े दिए जा रहे हैं –

Given below are the weekly wage figures of 20 workers of a factory -

| साप्ताहिक आय रु. में (Weekly Income in Rs.) | कामगारों की संख्या (Number of Workers) |
|---|---|
| 100 | 5 |
| 140 | 2 |
| 170 | 6 |
| 200 | 4 |
| 250 | 3 |

कामगारों की साप्ताहिक आय के औसत की गणना कीजिए।

Calculate the average of workers weekly earnings.

**प्रश्न–26** भारत में निर्धनता के कारणों की व्याख्या कीजिए। [6]

Explain the causes of poverty in India.

***( अथवा )***

***( OR )***

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Explain the role of agriculture in Indian Economy.

**प्रश्न-27** नीचे दिए गए आँकड़ों से चतुर्थक विचलन और उसका गुणांक ज्ञात कीजिए - [6]

Find the quartile deviation and its coefficient from the data given below -

| ऊँचाई सेमी. में (Height in c.m.) | छात्र संख्या (No. of Students) |
|---|---|
| 150 | 15 |
| 151 | 20 |
| 152 | 32 |
| 153 | 35 |
| 154 | 33 |
| 155 | 22 |
| 156 | 20 |
| 157 | 12 |
| 158 | 10 |

***( अथवा/OR )***

एक सौन्दर्य प्रतियोगिता में दो जजों द्वारा दिए गए अंक नीचे दिए गए हैं -

The marks given by two judges in a beauty contest are given below -

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जज I Judge I | 56 | 75 | 45 | 71 | 61 | 64 | 58 | 80 | 76 | 61 |
| जज II Judge II | 66 | 70 | 40 | 60 | 65 | 56 | 69 | 77 | 67 | 63 |

क्रम सहसम्बन्ध विधि का प्रयोग करते हुए यह निर्धारित कीजिए कि क्या दोनों जजों में सौन्दर्य के निर्णय के प्रति एक जैसी रुचि है ?

Using the Serial Correlation Method determine whether the two judges have the same interest in the judgement of beauty.

●●●